# कार्यालय उप संचालक कृषि एवं प्रोजेक्ट डायरेक्टर (आत्मा) जिला–दुर्ग (छ.ग.)

क्रं./त–4/आत्मा/विज्ञा./2012–13/ दुर्ग, दिनांक

संचालक कृषि छ.ग. रायपुर का पत्र क्र./एक्स.रि./संविदा/21/2012–13/39 दि. 05.05.12 निर्देशानुसार एक्सटेंशन रिफार्म्स आत्मा योजना के सफल संचालन हेतु निम्नांकित संविदा पदों के सम्मुख दर्शाये गये वांछित अर्हतानुसार छः माह की संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं, छ.ग. शासन संविदा भर्ती नियम के अनुसार आरक्षण लागू होगा।

<table>
<tr><th>क्र.</th><th>पदनाम</th><th colspan="16">पदों की संख्या</th><th>वांछित अर्हता</th><th>संविदा वेतन (रु.)</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>डिप्टी प्रोजेक्ट डायरेक्टर (जिला स्तर)</td><td colspan="16">1 (अनारक्षित)</td><td>कृषि/पशुपालन/उद्यानिकी/मछली–पालन विषयों में स्नातकोत्तर, अनुसंधान अनुभव को वरीयता एवं कृषि/पशुपालन/उद्यानिकी/मछली पालन विभाग में वेतनमान रू. 9300–3400+4200 या समकक्ष में 3 वर्ष का कार्य अनुभव।</td><td>18800/–</td></tr>
<tr><td rowspan="4">2</td><td rowspan="4">ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर (वि.खं. स्तर)</td><td colspan="16">कुल 9</td><td rowspan="4">कृषि/पशुपालन/उद्यानिकी/मछली पालन/विषयों में स्नातक (स्नातकोत्तर तथा कम्प्यूटर का वांछित ज्ञान रखता हो, को वरीयता) दो वर्षो का कृषि संबंधी गतिविधियों का कार्यानुभव।</td><td rowspan="4">15000/–<br>+5000<br>(आपरेशनल व्यय)</td></tr>
<tr><td colspan="4">अना.</td><td colspan="4">अजजा.</td><td colspan="4">अजा.</td><td colspan="4">अ.पि.व</td></tr>
<tr><td>मुक्त</td><td>महिला</td><td>विकलांग</td><td>भू.सै.</td><td>मुक्त</td><td>महिला</td><td>विकलांग</td><td>भू.सै.</td><td>मुक्त</td><td>महिला</td><td>विकलांग</td><td>भू.सै.</td><td>मुक्त</td><td>महिला</td><td>विकलांग</td><td>भू.सै.</td></tr>
<tr><td>1</td><td>2</td><td>1</td><td>-</td><td>1</td><td>1</td><td>-</td><td>1</td><td>1</td><td>1</td><td>-</td><td>-</td><td>-</td><td>-</td><td>-</td><td>-</td></tr>
<tr><td rowspan="4">3</td><td rowspan="4">विषय वस्तु विशेषज्ञ (वि.खं. स्तर)</td><td colspan="16">कुल 24</td><td rowspan="4">कृषि/उद्यानिकी/अर्थशास्त्र/विपणन/पशुपालन/मछलीपालन विषयों में स्नातक/स्नातकोत्तर</td><td rowspan="4">5000/–<br>+3500<br>(आपरेशनल व्यय)</td></tr>
<tr><td colspan="4">अना.</td><td colspan="4">अजजा.</td><td colspan="4">अजा.</td><td colspan="4">अ.पि.व</td></tr>
<tr><td>मुक्त</td><td>महिला</td><td>विकलांग</td><td>भू.सै.</td><td>मुक्त</td><td>महिला</td><td>विकलांग</td><td>भू.सै.</td><td>मुक्त</td><td>महिला</td><td>विकलांग</td><td>भू.सै.</td><td>मुक्त</td><td>महिला</td><td>विकलांग</td><td>भू.सै.</td></tr>
<tr><td>6</td><td>4</td><td>1</td><td>1</td><td>2</td><td>2</td><td>-</td><td>1</td><td>3</td><td>1</td><td>-</td><td>-</td><td>2</td><td>1</td><td>-</td><td>-</td></tr>
<tr><td>4</td><td>एकाउंटेंट कम क्लर्क</td><td colspan="16">1 (अनारक्षित)</td><td>वाणिज्य में स्नातक, स्केल 5200–20200+ 2400 या समकक्ष वेतनमान में 3 वर्ष का कार्यानुभव</td><td>11820/–</td></tr>
<tr><td>5</td><td>डाटा एंट्री आपरेटर</td><td colspan="16">1 ( अ.ज.जा.)</td><td>मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर में एक वर्षीय डिप्लोमा, डाटा एन्ट्री में 2 वर्ष का अनुभव, डाटा एन्ट्री का 10000 (Key) डिप्रेशन (हिन्दी में) प्रति घंटा की गति होनी चाहिए।</td><td>6000/–</td></tr>
</table>

**नियम व शर्ते :–**

1. आयु 18 से कम तथा 35 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए।
2. शासन के नियमानुसार आरक्षित वर्ग के आवेदको के लिए आयु सीमा में छूट दी जायेगी। सेवा निवृत्ति अधिकारी/ कर्मचारी के लिए संविदा नियुक्ति के नियमानुसार अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष होगी।
3. यह पद पूर्णतः अस्थायी है। उपरोक्त पदों पर होने वाला व्यय एक्सटेंशन रिफार्म्स आत्मा योजना से प्रतिपूर्ति योग्य होगा। योजना समाप्त होने पर यह पद स्वयंमेव समाप्त हो जावेंगे। किसी भी परिस्थिति में राज्य शासन द्वारा इन पदो का व्यय भार वहन नहीं किया जावेगा।
4. संविदा नियुक्ति हेतु जिला स्तर पर गठित चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा।
5. आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि विज्ञापन जारी होने के 15 दिवस के भीतर कार्यालयीन समय तक है। आवेदन पत्र के साथ दो पासपोर्ट साइज के फोटो (एक आवेदन पत्र में) लगा हो, संलग्न करें। शैक्षणिक योग्यता, जन्म तिथि, अनुभव, जाति, निवास संबंधी प्रमाणपत्र राजपत्रित अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित प्रतियां संलग्न करें। समय सीमा के पश्चात प्राप्त पत्रो पर विचार नहीं किया जावेगा। पृथक–पृथक पद हेतु पृथक–पृथक आवेदन करना होगा।
6. लिफाफे के ऊपर एवं आवेदन पत्र में पद का नाम जिसके लिए आवेदन किया जा रहा है का स्पष्ट उल्लेख करना होगा। लिफाफे के ऊपर प्रेषक एवं पत्र व्यवहार का पता स्पष्ट होना चाहिए अन्यथा आवेदन निरस्त किया जावेगा।

7. मेरिट के आधार पर चयन किया जावेगा। अभ्यार्थी छ.ग. का मूल निवासी होना अनिवार्य है जिसके लिए सक्षम प्राधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। आवेदन पत्र कार्यालय में सीधे स्वीकार नही किये जायेंगे। आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही स्वीकार होंगे।
8. उक्त पद अविभाजित दुर्ग जिले (जिला–दुर्ग/बालोद/बेमेतरा) हेतु जारी किये जा रहे है।
9. विज्ञापित पद के अनुभव प्रमाण पत्र के संबंध में यह स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए की आवेदक संबंधित संस्था में कितने मासिक वेतन पर कब से कब तक कार्यरत रहा।
10. रोजगार कार्यालय के जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र का क्र. एवं दिनांक का उल्लेख करना तथा प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
11. आवेदन निर्धारित प्रपत्र में न होने/अपूर्ण/ अस्पष्ट/त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रो को अमान्य कर दिया जावेगा।
12. जन्म तिथि के प्रमाण के लिए हाई स्कूल/हायर सेकेण्डरी/मैट्रिक–कुलेशन परीक्षा के प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
13. अन्य पिछडा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के आवेदको को प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र की उच्चस्तरीय छानबीन समिति द्वारा सत्यापित छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
14. आवेदक अपनी अर्हता की स्वयं जांच करने तथा विज्ञापित पद के लिए निर्धारित अर्हता/शर्तो को पूरा करने पर ही आवेदन भेजे।
15. कोई भी उम्मीदवार जिसकी 2 से अधिक जीवित संतान है जिनमें एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो, नियुक्ति के लिए पात्र नही होगा।
16. उपरोक्त विज्ञापन में दर्शाए गए पदो की संख्या में वृद्धि या कमी करने का एवं आवेदन पत्रो पर विचार करने/स्वीकार/अस्वीकार करने तथा नियुक्ति के संबंध में कलेक्टर एवं चेयरमेन (आत्मा), जिला दुर्ग का निर्णय मान्य होगा।
17. उपरोक्त नियुक्तियाँ माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर में दायर याचिकाओं (रिट पिटिशन स. क्र./591/592/593/594/2012) में पारित होने वाले अंतिम आदेश/निर्णय के अद्याधीन रहेगी एवं माननीय उच्च न्यायालय के अंतिम आदेश/निर्णय अनुसार विज्ञापित किये गये पदो की वर्गवार रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन भी हो सकता है।

कलेक्टर एवं चेयरमेन
गवर्निंग बोर्ड (आत्मा)

प्रोजेक्ट डायरेक्टर (आत्मा)
एवं उप संचालक कृषि

# आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति,

**प्रोजेक्ट डायरेक्टर(आत्मा)**
**एवं उपसंचालक कृषि**
**कलेक्ट्रेट परिसर**
**जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**पिन कोड– 492001**

| अभिप्रमाणित नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो चिपकायें |
|---|

1. आवेदित पद का नाम :– ..........................................
2. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :– ..........................................
   (अंग्रेजी के कैपिटल अक्षर में ) :– ..........................................
3. लिंग (पुरूष / महिला) :– ..........................................
4. वैवाहिक स्तर :– ..........................................
   (विवाहित / अविवाहित / विधवा / विधुर) :– ..........................................
5. पिता / पति का नाम :– ..........................................
6. प्रवर्ग (सामान्य / अजा. / अजजा. / अपिव) :– ..........................................
7. जन्म तिथि (अ) अंको में :– ..........................................
   (ब)शब्दों में :– ..........................................
8. आयु (01.07.2012 की स्थिति में ) :– ..............वर्ष...................माह.............दिन.............
9. जाति :– ..........................................
   (आरक्षित वर्ग के आवेदक सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की सत्यापित छाया प्रति संलग्न करें)
10. स्थायी पता :– ..........................................
    :– ..........................................
    पत्र व्यवहार का वर्तमान पता :– ..........................................
    :– ..........................................
    (दूरभाष क्रमांक सहित) :– ..........................................
12. जिला जहां के मूल निवासी हैं :– ..........................................

13. **शैक्षणिक योग्यता (हाई स्कूल एवं समकक्ष से प्रारंभ करते हुये)**

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा / डिग्री | मान्यता प्राप्त बोर्ड / वि.वि. का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

कमशः 2 पर

14. अन्य योग्यता/अनुभव का विवरण :— ..........................................
(अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें)

15. रोजगार कार्यालय का नाम एवं जीवित पंजीयन :— ..........................................

16. क्या आप विवाहित हैं ? :—
यदि विवाहित हैं तो विवाह की तिथि :— ..........................................

17. क्या आवेदक शासकीय/अर्धशासकीय संस्था में :— ..........................................
कार्यरत हैं? (यदि हां तो कार्यालय प्रमुख का अनापत्ति प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

18. क्या अभ्यर्थी के विरूद्ध कोई दण्डित प्रकरण किसी :— ..........................................
पुलिस थाने/न्यायालय में लंबित है? अथवा किसी न्यायालय में निराकृत हो चुका है यदि हां तो संबंधित अधिनियम एवं धारा सहित प्रकरण कमांक एवं निर्णय की जानकारी स्पष्ट रूप से उल्लेख करें।

टीप :— **जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक योग्यता प्रमाण एवं अन्य प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।**

19 **संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची :—**

1. ..........................................  2. ..........................................
3 ..........................................  4. ..........................................
1. ..........................................  6. ..........................................
7. ..........................................  8. ..........................................

**आवेदक का हस्ताक्षर**

## घोषणा –पत्र

मैं घोषणा करता/करती हूं कि इस आवेदन पत्र में दिये गये सभी विवरण एवं समस्त अभिलेख पूर्णतः सत्य एवं सही है। कोई जानकारी असत्य होने की दशा में मेरा आवेदन निरस्त किया जा सकेगा एवं चयन के उपरांत भी मेरी नियुक्ति बिना नोटिस के समाप्त की जा सकेगी तथा मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

**आवेदक के हस्ताक्षर**
**(नाम एवं पूरा पता)**